हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, बुधवार, 21 मई, 2025

11 स्कीम वर्कर्स एवं मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन



12 ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में निकाली तिरंगा सम्मान यात्रा



## खबर संक्षेप

### फतेहाबाद में बिजली अदालत 23 मई को

**फतेहाबाद।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा फतेहाबाद में 23 मई शुक्रवार सुबह 11 बजे बिजली अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता संदीप मेहता ने बताया कि यह बिजली अदालत प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक भट्टू रोड, मिनी बाईपास के पास, 132 केवी पॉवर हाऊस में स्थित एसई ऑपरेशन सर्कल, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

### नगर पार्षद पर हमला अस्पताल में उपचाराधीन

**सिरसा।** शहर के वार्ड नंबर 12 से पार्षद दीपक बंसल पर बीती रात कुछ लोगों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्हें गंभीरावस्था में शहर के एक निजी अस्पताल में आईसीयू में दाखिल किया गया है जहां उनका उपचारी जारी है। इस घटना के दौरान उनके पिता भी साथ थे, जो किसी प्रकार बच गए। मामले की सूचना पुलिस को भी दे दी गई है। अभी घायल के बयान दर्ज नहीं हो पाए हैं। इस घटना के बाद से पार्षद दीपक बंसल के परिवार में भी डर का माहौल बना हुआ है।

### मकान से नकदी व आभूषण चुराए

**सिरसा।** शहर के चतरगढ़पट्टी क्षेत्र में एक बंद मकान में घुसकर चोर 20 हजार रुपए की नकदी सहित आभूषण व अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में हरजंट सिंह ने बताया कि बीती 16 मई को वह परिवार सहित रिश्तेदारी में गया हुआ था। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने मकान में घुसकर कमरे का ताला तोडक़र संदूक में रखी 20 हजार रुपए की नकदी, चांदी के बने आभूषण पाजेब, बिछिया, अंगूठी सहित कुछ अन्य सामान चोरी कर ले गए। बीती शाम को जब वे वापस लौटे तो घटना का पता चला। अंदर जाकर देखा तो कमरों में सामान बिखरा पड़ा था।

### गाड़ी में हथियार मिलने पर एक आरोपी गिरफ्तार

**डबवाली।** सदर थाना पुलिस ने गाड़ी में हथियार मिलने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रावल सिंह पुत्र हमीर सिंह निवासी तारुआना के रूप में हुई है। सदर थाना पुलिस डबवाली प्रभारी ब्रिह्मप्रकाश ने बताया कि बीती 17 मई को गश्त के दौरान राइडर पर तैनात कर्मचारियों ने सूचना दी कि एक दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी पन्नीवाला रुलदू बस स्टैंड के पास खड़ी है। जिसके नंबर प्लेट पर ग्रीस लगी हुई है जो संदिग्ध ज्ञात होने पर उन्होंने मौका पर पहुंचकर आसपास के लोगों से पता किया तो चश्मदीदों ने बताया कि कुछ लडक़े यह गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण यहां छोडक़र चले गए हैं।

### शहर से मोटरसाइकिल व स्कूटी चोरी

**सिरसा।** शहर में अलग-अलग स्थानों से चोर एक स्कूटी व मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में पहले मामले में राजेंद्र निवासी भारत नगर सिरसा ने बताया कि बीती 19 मई की दोपहर को वह मार्केट में सामान लेने के लिए गया था। दुकान के बाहर बाइक खड़ी कर वह दुकान में चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली।

### 80 हजार के ठगी मामले दो आरोपी काबू

**सिरसा।** साइबर थाना की एक विशेष पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर स्पेस मनी लिंक भेज कर लुभाने ऑफर देकर करीब 80 हजार रुपए का चूना लगाने के मामले में दो साइबर अपराधियों को राजस्थान के जयपुर क्षेत्र से काबू किया है।

---

गांव जमाल में शूट किए गए थे फिल्म के कई दृश्य, पुरानी यादें हुई ताजा

# फिल्म 'दादा लखमी चंद' को मिली 1 करोड़ की प्रोत्साहन राशि, गांव जमाल में खुशी का माहौल

*स्थानीय लोग भी अतिरिक्त कलाकार के रूप में फिल्म का हिस्सा बने थे, जिससे गांव को एक नई पहचान मिली*

## *हरियाणवी संस्कृति को पर्दे पर उतारने की अनूठी पहल*

हरिभूमि न्यूज ⏭चोपटा

हरियाणवी संस्कृति और लोक संगीत के प्रतीक दादा लखमी चंद पर आधारित फिल्म 'दादा लखमी चंद' को हरियाणा सरकार द्वारा 1 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि दिए जाने के बाद सिरसा जिला के गांव जमाल में खुशी की लहर है। इस फिल्म के कई महत्वपूर्ण दृश्य इसी गांव में शूट किए गए थे और अब यह सम्मान मिलने से गांववासियों की पुरानी यादें ताजा हो गई हैं। ग्रामीण राजेंद्र कस्वां, दिवान खां, बशीरद्दीन, संजय शर्मा, भगत सिंह आदि ने मंगलवार को ने बताया कि जब फिल्म की शूटिंग गांव में हो रही थी तब पूरे इलाके में उत्सव जैसा माहौल था। फिल्म की टीम ने यहां की गलियों, चौपालों और खेतों में फिल्मांकन किया था। कई स्थानीय लोग भी अतिरिक्त कलाकार के रूप में फिल्म का हिस्सा बने थे, जिससे गांव को एक नई पहचान मिली।

### 16 मई 2019 को हुई थी फिल्म की शूटिंग की शुरुआत

राजस्थान की सीमा से सटे हरियाणा के ऐतिहासिक गांव जमाल में उन दिनों एक खास उत्साह का माहौल था। सूर्य कवि पंडित लखमीचंद के जीवन पर आधारित फिल्म 'दादा लखमीचंद' की शूटिंग हुई थी. इसकी शुरुआत 16 मई 2019 को हुई थी और 47 दिन तक चली थी। हरियाणवी संस्कृति को पर्दे पर उतारने की इस अनूठी पहल की कमान संभाली मशहूर अभिनेता और निर्देशक यशपाल शर्मा ने। यशपाल शर्मा न सिर्फ इस फिल्म के निर्देशक हैं, बल्कि वे जवानी के दौर के लखमीचंद की भूमिका भी निभाई। लखमीचंद के जीवन के तीन मुख्य पड़ाव- बचपन, किशोरावस्था और युवावस्था- को फिल्म में दर्शाया गया। फिल्म में लखमीचंद की मां का किरदार प्रसिद्ध अदाकारा मेघना मलिक निभाया था, वहीं बचपन और किशोरावस्था के किरदार योगेश वत्स और हितेश शर्मा ने निभाए। इस फिल्म की खास बात यह है कि इसमें पहली बार सिंक साउंड तकनीक का इस्तेमाल हुआ है, जिससे संवाद अधिक वास्तविक लगते हैं। स्क्रिप्ट तैयार करने में हरियाणवी लेखक राजू मान और रोशन शर्मा ने तीन वर्षों तक गहन शोध किया। फिल्म का संगीत उत्तम सेन ने तैयार किया है। शूटिंग के लिए जमाल गांव को चुनने के पीछे इसका ऐतिहासिक महत्व है। यहां के करीब सौ साल पुराने मकान और पारंपरिक परिवेश फिल्म की पृष्ठभूमि के लिए उपयुक्त बताया। इस चयन में हरियाणवी कलाकार जगत परदेशी की अहम भूमिका रही, जिन्होंने यशपाल शर्मा को जमाल आमंत्रित किया था। फिल्म की शूटिंग जमाल, बकरियांवाली, नाथूसरी कलां, दादा लखमी के गांव जाटी (सोनीपत) और मालकौष व खरक कलां (भिवानी ) में हुई थी।



**सिरसा।** फिल्म 'दादा लखमी चंद' को एक करोड़ की प्रोत्साहन राशि मिलने पर लड्डू बांटते जमाल के ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

### सरकारी सम्मान से हुआ गर्व

सरकारी सम्मान से गांववासियों को गर्व की अनुभूति हो रही है। गांव के कलाकार जगत परदेशी ने कहा यह सिर्फ फिल्म की नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और गांव की पहचान को सम्मान मिला है। सरकार द्वारा दी गई यह राशि हमारे लिए प्रेरणा है कि हम अपनी लोक कला को और आगे बढ़ाएं। कई स्थानीय लोगों ने शूटिंग में भाग भी लिया था, जिससे गांव को फिल्मी दुनिया में पहचान मिली। अब जब सरकार ने फिल्म को सम्मानित किया है तो जमाल के लोग एक बार फिर उन सुनहरी पलों को याद कर रहे हैं। जमाल गांव के लोगों को उम्मीद है कि उनकी सांस्कृतिक धरोहर अब राष्ट्रीय स्तर पर और भी अधिक सराही जाएगी।

---

## अल्फा इंटरनेशनल सिटी से जुड़ा मामला

# रजिस्ट्री के नाम पर मांगे 20 लाख कंपनी मालिक सहित दो गिरफ्तार

2010 में खरीदा था प्लाट, सारी किश्तें भरने के बावजूद रजिस्ट्री करने पर की आनाकानी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद ने अल्फा इंटरनेशनल सिटी फतेहाबाद में प्लाट की रजिस्ट्री करवाने की एवज में जबरन वसूली करने के मामले में कार्रवाई करते हुए कम्पनी के मालिक सहित दो आरोपियों को काबू किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान सीए संतोष कुमार अग्रवाल पुत्र सीताराम अग्रवाल निवासी सैक्टर 6 द्वारका, नई दिल्ली व कमल कुमार नागपाल पुत्र चमन लाल नागपाल निवासी कृष्णा नगर, जगतपुरी, दिल्ली के रूप में हुई है। आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद के इंचार्ज निरीक्षक यादविन्द्र सिंह ने बताया कि इस बारे थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने 6 अप्रैल को सैक्टर 3 फतेहाबाद निवासी कपिल बांगा की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसके पिता शाम लाल बांगा वर्ष 2010 में एफसीआई से रिटायर हुए थे। 2010 में उन्होंने अल्फा इंटरनेशनल सिटी में 500 गज एक प्लाट खरीदा था। एग्रीमेंट के अनुसार उसके पिता ने समय पर सारी किश्तें भर दी। इसके बाद जब उन्होंने अल्फा सिटी के अधिकारी को उनके नाम रजिस्ट्री करवाने के लिए कहा तो अधिकारी ने कहा कि अभी अल्फा की जमीन पर केस चल रहा है। जैसे ही उसका निर्णय हो जाएगा, वह प्लाट की रजिस्ट्री करवा देंगे। अधिकारियों ने कभी केस, कभी कम्पलीशन सर्टिफिकेट न मिले, कभी कोरोना में आफिस बंद रहने व कभी एनओसी बकाया की बात कही। कुछ समय बाद उन्हें पता चला कि अल्फा इंटरनेशनल सिटी के प्लाट की रजिस्ट्री हो रही है। इस पर जब उन्होंने अधिकारियों से रजिस्ट्री के लिए कहा तो उन्होंने गुरूग्राम आफिस में कमल नागपाल से मिलने को कहा। जब वह कमल नागपाल से मिले तो उसने कम्पनी के मालिक संतोष अग्रवाल से बात करके रजिस्ट्री करवाने की बात कही। इसके बाद न तो कमल नागपाल ने उसका फोन उठाया और न ही फतेहाबाद आफिस के कर्मचारियों ने कोई जवाब दिया। इसके बाद मार्च 2024 में उसने कम्पनी को लीगल नोटिस भेजा लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। बाद में फतेहाबाद ई-दिशा केन्द्र में मिले कमल अग्रवाल ने रजिस्ट्री करवाने की एवज में 20 लाख रुपये की मांग की और कहा कि वह यह पैसा संदीप आहूजा प्रोपर्टी डीलर के पास जमा करवा दे। जब उसने लिखित में बकाया बारे जानकारी मांगी तो उसने कहा कि अगर रजिस्ट्री करवानी है कि तो यह पैसे देने होंगे। नहीं तो वह न तो डिमांड लेटर देंगे और न ही कोई रसीद देंगे।




फतेहाबाद। हिसार रोड स्थित अल्फा सिटी। *फोटो : हरिभूमि*

### कम्पनी मालिक की पॉवर की दिखाई धौंस

कमल नागपाल ने कम्पनी मालिक संतोष की पॉवर की धौंस दिखते हुए कहा कि उसका बड़े-बड़े लोगों के साथ व गुंडों के साथ उठना- बैठना है। वह उसके परिवार को कहां दफना देगा, किसी को कानोकान खबर नहीं होगी। इस पर पीड़ित कपिल बांगा ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरापितों को गिरफ्तार कर लिया है।

---

# वैष्णो मंदिर के गोदाम में लगी आग

- हजारों का सामान जलकर हुआ स्वाह

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शहर की सतीश कॉलोनी स्थित श्री वैष्णो देवी पिंडी मंदिर के गोदाम में मंगलवार सुबह अचानक आग लग गई। आग के कारण गोदाम में रखा मंदिर का हजारों रुपये का सामान जलकर स्वाह हो गया। आग इतनी तेज थी कि गोदाम की छत भी जल गई। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार आरके कॉलोनी की गली नंबर-तीन स्थित श्री वैष्णो देवी पिंडी मंदिर के पुजारी सतीश शास्त्री सतीश कॉलोनी में रहते हैं। उनके घर के पास ही प्लॉट में गोदाम बना हुआ है, जिसमें मंदिर का सामान रखा हुआ था। इस प्लॉट में सुबह अचानक आग लग गई। आग के कारण मंदिर के झूलों, गद्दों व सजावट आदि का रखा काफी सामान जल गया। छत भी जलकर पिघल गई। आग लगने से 10 मिनट पहले ही इस गोदाम से पुजारी ने अपनी कार बाहर निकाली थी। गनीमत रही कि उस समय आग नहीं लगी, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। पड़ोसियों ने आग लगी देखकर पुजारी को सूचित किया। इसके बाद फायर ब्रिगेड के हेल्पलाइन नंबर पर भी सूचना दी गई। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुजारी सतीश शास्त्री ने बताया कि उन्हें बेटी का पेपर दिलाने के लिए बाहर जाना था। इसलिए वह शहर से बाहर चले गए हैं। आने के बाद आसपास के सीसीटीवी की फुटेज देखकर आग के कारणों का पता किया जाएगा।



आग से जली गोदाम की छत।

---

*किसान ने सरकार से की मुआवजे की मांग*

# ठेकेदार की लापरवाही, गड्ढे में गिरने से भैंस की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭टोहाना

उपमंडल के गांव बिढाईखेड़ा में नहरी विभाग के ठेकेदार की लापरवाही से गड्ढे में गिरने से एक किसान की भैंस की मौत हो गई जिससे उसको लाखों रुपए का नुकसान हुआ हैं। किसान ने सरकार व प्रशासन से मुआवजे की मांग करते हुए सरकार से ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है। किसान मनोज कुमार ने बताया कि नहरी विभाग द्वारा टोहाना के बलियाला हेड से गोरखपुर परमाणु संयत्र तक करोड़ों रुपए की लागत से नहर का निर्माण किया का रहा है जिसके लिए करीबन बीस फीट गहरी नहर खुदाई की जा रही है। सुबह के समय उसकी भैंस अचानक उक्त खड़े में गिरने से मर गई। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा इसको लेकर नहर के आस पास बेटीकेट्स या साइन बोर्ड लगाने चाहिए क्योंकि गांव में लोगों के घरों के आगे से नहर की खुदाई की जा रही है, आगे कोई भी हादसा हो सकता है। नहरी विभाग को इस कार्य को जल्दी से पूरा करवाना चाहिए ताकि आगे कोई हादसा न हो सके।



**टोहाना।** गड्ढे में गिरकर मरी भैंस। *फोटो : हरिभूमि*

---



**फतेहाबाद।** पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन की बैठक में भाग लेते कर्मचारी।

# पीडब्ल्यूडी कर्मियों ने 23 मई तक दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

- कर्मचारियों की मांगों को जल्द पूरा किए जाने की मांग

हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन सम्बंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच, ब्रांच फतेहाबाद की बैठक आज राज्य उपाध्यक्ष एवं ब्रांच वरिष्ठ उपप्रधान धर्मपाल दरियापुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं व मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत कर्मचारियों को रिन्यू ना करने, कौशल रोजगार व एमटीडब्ल्यू टर्म अप्वाइंटमेंट की सैलरी, करीब एक वर्ष से रेनकोट व साबुन की पैमेंट की अदायगी न करने सहित अन्य मांगों को लेकर सरकार के रवैये पर रोष जताया है। राज्य उपाध्यक्ष धर्मपाल दरियापुर ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलने से उन्हें अनेक तरह की परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। ऐसे में संगठन सरकार व अधिकारियों से मांग करता है कि समय रहते कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं का समाधान किया जाए अन्यथा संगठन मजबूरन आंदोलन करने पर मजबूर होगा। उन्होंने सरकार व अधिकारियों को 23 मई तक का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर तब तक कर्मचारियों की मांगों को पूरा नहीं किया गया तो यूनियन द्वारा 23 मई को कार्यकारी अभियंता, फतेहाबाद के कार्यालय के समक्ष विरोध गेट मीटिंग कर नारेबाजी की जाएगी और धरना भी दिया जाएगा।

---

# युवक 7 किलो चूरापोस्त सहित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने गश्त के दौरान गांव रणजीतपुरा थेहड़ी क्षेत्र से एक युवक को 7 किलो 100 ग्राम चूरापोस्त सहित काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजेंद्र कुमार ने बताया कि सेल सिरसा पुलिस की एक टीम गश्त के दौरान गांव रंजीतपुरा थेहड़ी से होते हुए गांव फकीरां वाली की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस पार्टी जब गांव रणजीतपुरा थेहड़ी से थोड़ा आगे कच्चा रास्ता पर एक युवक अपने हाथ में प्लास्टिक का थैला लिए हुए खड़ा दिखाई दिया। उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुडक़र खिसकने का प्रयास किया। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी के मौजूदगी में तलाशी ली तो उसके कब्जा से 7 किलो 100 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ। आरोपी की पहचान राजेंद्र कुमार उर्फ राजू पुत्र ओमप्रकाश निवासी गांव रंजीतपुरा थेहड़ी जिला सिरसा के रूप में हुई है।



**सिरसा।** चूरापोस्त सहित पकड़ा गया आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

---

# सभी पैक्स होगी कंप्यूटरीकृत, माधोसिंघाना पैक्स को मिला ई-पैक्स का दर्जा

**सिरसा।** जिला में किसानों को खाद, बीज, दवा और फसली ऋण उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाली पैक्स का डाटा नेशनल कोऑपरेटिव डेटाबेस पर अपलोड कर दिया गया है और अब जिले की सभी पैक्स को ऑनलाइन जोडऩे के लिए कार्य किया जा रहा है। जिला की माधोसिंघाना पैक्स ई-पैक्स हो गई है, जो सीधे ऑनलाइन केंद्रीय सहकारी बैंक व सहकारिता से जुड़े अन्य संस्थानों से जोड़ी गई है। जिले में कुल 38 पैक्स हैं और अन्य पैक्स को भी जल्द ही ई-पैक्स बनाए जाने के लिए काम किया जा रहा है। जिले में 37 मल्टीपल पैक्स और छह सहकारी विपणन समितियां पीएम किसान सेवा केंद्र के रुप में काम कर रही है।

**चार पैक्स में बनाए जा सकते हैं गोदाम:** सहकारी समितियों के सहायक रजिस्ट्रार संजीव ने बताया कि जिले की चार पैक्स में अनाज स्टोर करने के लिए गोदाम बनाए जा सकते हैं। इनमें से धर्मपुरा, कुरंगावाली, पंजुआना, ऐलनाबाद को चिन्हित किया गया है। जहां ग्रेन स्टोरेज प्लान के तहत गोदाम बनाए जा सकते हैं, ये पैक्स सभी शर्तों को पूरा करती है, लेकिन यहां गोदाम तभी बन पाएंगे जब किसी खरीद एजेंसी से एग्रीमेंट होगा।

---

## मुख्य अभियंता ने पौधा लगाकर की शुरुआत

# 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत फतेहाबाद में लगेंगे 5000 पौधे

- भट्टू में महाग्राम के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण भी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭भट्टूकलां

शहर को हरा-भरा बनाने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियंता टीआर पंवार ने मंगलवार को भट्टूकलां के मुख्य जलघर में पौधा रोपण कर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की। इसके साथ साथ भट्टू में महाग्राम के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर रविंदर कुमार अधीक्षक अभियंता, सतपाल रोज उपमंडल अभियंता, शर्मा चंद लाली जिला सलाहाकार, बलविंदर सिंह, अश्वनी कुमार, चंद्र मोहन कनिष्ठ अभियंता, सुमन रानी सरपंच, बंसी लाल उप प्रधान पंचायत समिति भट्टू, आशु गोयल सरपंच प्रतिनिधि, शमशेर सिंह खंड संयोजक, अश्वनी कुमार ड्राइंग ब्रांच , रवि कुमार, सुनिल कुमार बिसला, दिनेश जैन, राजीव गोयल, नरेन्द्र लूणा सहित विभाग के अन्य कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।



**भट्टूकलां।** पौधा लगाकर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरूआत करते मुख्य अभियंता व अन्य अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### पौधरोपण एक सामाजिक कार्य

मुख्य अभियंता ने कहा कि पौधा रोपण को हमें जीवन का लक्ष्य बनाना चाहिए, यह एक सामाजिक कार्य है। उन्होंने कहा कि हमें विभाग की सभी साइटों पर खाली जगह पर पौधारोपण करना चाहिए। अधीक्षक अभियंता रविंदर सिंह ने कहा कि विभाग द्वारा अपनी सभी साइटों पर पौधारोपण के लिए जगह का चयन किया जा चुका है, जल्द ही इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। जिला सलाहाकार शर्मा चंद लाली ने बताया कि पौधरोपण करके शहर को हरा भरा बनाने की शुरूआत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग अपनी जमीन से करेगा। इसके लिए विभाग पहले अपने टयूबवेल, जल घर, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट व सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में खाली पड़ी जगह पर पौधे लगाएगा। इसके बाद सार्वजनिक जगहों, वन विभाग की जमीन, स्कूल व पार्क जहां भी जगह मिलेगी, पौधरोपण किया जाएगा। यह पौधरोपण ऐसे स्थानों पर होगा जहां पौधों के लिए पानी की उपलब्धता हो। इस अभियान में फतेहाबाद, भट्टूकलां, रतिया, टोहाना, भूना को हरा भरा बनाया जाएगा। उपमंडल अभियंता सतपाल रोज ने कहा कि वृक्षारोपण हमारे पर्यावरण और जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

कान्स फिल्म फेस्टिवल



# रेड कार्पेट पर उतरीं शर्मिला और सिमी

## 'अरण्येर दिन रात्रि' का हुआ प्रीमियर

*पेरिस। 'कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025' का रेड कार्पेट सितारों से सज गया है। इस बीच हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल, सत्यजीत रे की फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि' की स्क्रीनिंग में शामिल हुईं। फिल्म के प्रीमियर पर दोनों ने रेड कार्पेट की वॉक किया और इसकी शोभा बढ़ाई।*

### सिमी ग्रेवाल का पहला प्रदर्शन


कान्स फिल्म फेस्टिवल में अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल ने वॉक किया। 'अरण्येर दिन रात्रि' के विशेष प्रीमियर के लिए दोनों ने बेहतरीन ड्रेस पहनी थी। उन्होंने एक साथ रेड कार्पेट पर पोज भी दिया। शर्मिला टैगोर ने हरे रंग की शानदार साड़ी पहनी थी, जबकि सिमी ग्रेवाल आइवरी रंग की ड्रेस में रेड कार्पेट पर चलीं। फिल्म के प्रीमियर के दौरान इसे स्टैंडिंग ओवेशन भी मिला। लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाईं। इस दौरान शर्मिला टैगोर की बेटी सबा पटौदी भी मौजूद थीं। दिलचस्प बात यह है कि सिमी ग्रेवाल का कान्स में यह पहला प्रदर्शन था।

### फिल्म को 4के में किया गया है री-स्टोर

फिल्म निर्माता सत्यजीत रे की फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि'को अमेरिकी फिल्म निर्माता वेस एंडरसन के नेतृत्व में छह वर्षों में फिर से बनाया गया। इसे री-स्टोर करने का प्रोजेक्ट साल 2019 में शुरू हुआ। यह तब शुरू हुआ जब, मार्टिन स्कॉर्सेसे की द फिल्म फाउंडेशन के बोर्ड में अपने पद के माध्यम से एंडरसन ने फिल्म को संरक्षित करने के बारे में चर्चा शुरू की। निर्देशक के सत्यजीत रे के काम के प्रति जुनून ने द फिल्म फाउंडेशन के वर्ल्ड सिनेमा प्रोजेक्ट, फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन, जेनस फिल्म्स और द क्राइटेरियन कलेक्शन के बीच सहयोगात्मक प्रयास को आगे बढ़ाया, जिसमें गोल्डन ग्लोब फाउंडेशन द्वारा फंड दिया गया।

### 24 मई को तक चलेगा फेस्टिवल

सिमी ग्रेवाल का कान्स में यह पहला प्रदर्शन था। फिल्म फेस्टिवल 2025 की शुरुआत 13 मई से हुई है। पिछले छह दिनों में कई भारतीय सितारों ने रेड कार्पेट पर वॉक किया और इसकी शोभा बढ़ाई। कईयों के लिए यह साल खास रहा, क्योंकि उन्होंने कान महोत्सव में अपना डेब्यू किया। समारोह का समापन 24 मई को होगा।



## उर्वशी का जबरदस्त नया लुक

उर्वशी रौतेला इन दिनों उर्वशी रौतेला फिल्म फेस्टिवल में अपना जलवा बिखेर रही है। हाल ही में वह जहां ऊप्स मोमेंट का शिकार हुईं, तो वहीं अगले दिन उनका एक और शानदार लुक सामने आया है। उसने अपना एक और लेटेस्ट लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें वह स्टाइलिश बॉडीकॉन ड्रेस में लाजवाब पोज देती नजर आईं। इस नए लुक में उर्वशी बॉडीकॉन ड्रेस में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस की इस ड्रेस में लॉन्ग स्लीव्स के साथ नेकलाइन पर ब्राउन रंग का स्टाइलिश लुक दिया गया है। इसके साथ एक्ट्रेस ने गले में कई नेकलेस पीस पहने हुए हैं, जो उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं। इस लुक के साथ उर्वशी का हेयर स्टाइल उन्हें और भी खास बनाता है। इस लुक में उर्वशी को देखकर उनके फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं और उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं।

## डेनजल वाशिंगटन को मिला 'पाम डी ओर'

## डकोटा जॉनसन ने दिखाई दिलकश अदा



पेरिस। हॉलीवुड अभिनेता डेनजल वाशिंगटन को कान्स फिल्म फेस्टिवल में एक बड़ा सरप्राइज मिला। अभिनेता को पाम डी'ओर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें सिनेमा में उनके लंबे और सफल कॅरियर को देखते हुए दिया गया।

*फिल्म की स्क्रीनिंग से पहले मिला पुरस्कार :* यह सम्मानित पल स्पाइक ली द्वारा निर्देशित उनकी नवीनतम फिल्म 'हाईएस्ट 2 लोएस्ट' की स्क्रीनिंग से ठीक पहले घटित हुआ। कान्स फेस्टिवल के निदेशक थिएरी फ्रेमॉक्स ने उन्हें पुरस्कार दिया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद वह भावुक हो गए। डेनजल वाशिंगटन यह सम्मान पाने वाले 22वें व्यक्ति बन गए हैं।


*गर्लफ्रेंड के साथ पहुंचे 'एक्वामैन' एक्टर :* 'एक्वामैन' फेम अभिनेता जेसन मोमोआ और अमेरिकी अभिनेत्री एड्रिया अर्जियोना ने 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लिया। वह दोनों 'स्प्लिट्सविले'की स्क्रीनिंग के लिए पहुंचे। इस दौरान रेड कार्पेट पर दोनों ने पोज दिया।

### इन दिग्गजों को भी मिल चुका है पुरस्कार

2002 में मानद पाल्मे डी'ओर की शुरुआत के बाद से, इसे फिल्म जगत के कुछ सबसे सम्मानित लोगों को दिया गया है। पिछले प्राप्तकर्ताओं में क्लिंट ईस्टवुड, जोडी फॉस्टर, माइकल डगलस, मेरिल स्ट्रीप और जॉर्ज लुकास शामिल हैं। 2022 में टॉम क्रूज को भी इस पुरस्कार से सरप्राइज दिया गया था।

### जेसन और एड्रिया ने दिया रोमांटिक पोज

सोमवार को 'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे'फेम अभिनेत्री डकोटा जॉनसन ने भी रेड कार्पेट पर जलवे बिखेरे। अभिनेत्री ने खुद को खूबसूरत कॉटन-कैंडी गुलाबी फ्रिंज गाउन में स्टाइल किया था। जॉनसन ने अपने गुलाबी लुक को चांदी की बालियों के साथ पूरा किया।'एक्वामैन' फेम अभिनेता जेसन मोमोआ और अमेरिकी अभिनेत्री एड्रिया अर्जियोना ने रेड कार्पेट पर रोमांटिक पोज दिया।



## कैलिफोर्निया में वेकेशन मना रही हैं माधुरी

**मुंबई।** बॉलीवुड धक-धक गर्ल इन दिनों अपने पति डॉ नेने के साथ वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। डॉ. नेने ने अपनी पत्नी और एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के साथ कैलिफोर्निया की सिटी सांता मोनिका में वेकेशन की खास झलक अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है। इन तस्वीरों के साथ डॉ नेने ने एक खास पोस्ट भी लिखा है। डॉ. श्रीराम नेने ने आज इंस्टाग्राम पर पत्नी माधुरी दीक्षित के साथ वेकेशन की कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। यह सभी तस्वीरें कैलिफोर्निया की सिटी सांता मोनिका की हैं। डॉ नेने ने इन लाजवाब तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, 'बाहर और इधर-उधर। सांता मोनिका में माहौल बहुत अच्छा लग रहा है!' इस तस्वीर में माधुरी अपने पति डॉ. श्रीराम नेने के साथ सेल्फी लेती नजर आ रही हैं। दोनों के चेहरों पर बड़ी सी स्माइल है।



## हेरा फेरी-3 : एक दिन शूट करके परेश गायब

**मुंबई।** परेश रावल के फिल्म 'हेरा फेरी 3' छोड़ने की खबर ने फैंस और फिल्म इंडस्ट्री को चौंका दिया है। फिल्म के डायरेक्टर प्रियदर्शन ने अब इस पूरे मामले पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि परेश ने यह फैसला करने से पहले उन्हें कोई जानकारी नहीं दी थी। वो खुद इस स्थिति से हैरान और निराश हैं। प्रियदर्शन ने कहा, 'फिल्म शुरू होने से पहले मैंने तीनों - अक्षय, सुनील और परेश- से क्लियर पूछा था कि क्या आप लोग तैयार हैं? सबने कहा- हां। फिर हमने एक दिन शूट भी किया। सब स्मूद चला। लेकिन, अचानक परेश जी के हटने की खबर आई... बिना कुछ बोले, बिना कोई कारण बताए। आज तक उन्होंने मुझसे इस बारे में कोई बात ही नहीं की।' वहीं, जब हमने प्रियदर्शन से पूछा कि क्या वाकई अक्षय कुमार ने परेश रावल पर 25 करोड़ का दावा ठोका है।



## फिल्म का ऐलान करने आए हीरो-हीरोइन अपनी गुड न्यूज देकर छाए, बोले- हम शादी कर रहे हैं

*नई दिल्ली। तमिल एक्टर विशाल (47) और साई धनशिका (35) अगस्त में शादी करने जा रहे हैं। दोनों एक्टर्स ने सोमवार को चेन्नई में 'योगी दा' प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने रिश्ते को ऑफीशियली अनाउंस किया और खुशखबरी शेयर की। फैन्स से बात करते हुए धनशिका ने कहा कि वे एक-दूसरे को 15 सालों से जानते हैं, लेकिन हाल ही में डेटिंग शुरू की है। धनशिका ने कहा कि एक समाचार रिपोर्ट के वायरल होने के बाद उन्हें अपने रिश्ते को ऑफीशियल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा, 'हम प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनाउंसमेंट नहीं करना चाहते थे। उन्होंने कहा, 'विशाल और मैं 29 अगस्त को शादी करने की प्लानिंग कर रहे हैं। मैं विशाल को पिछले 15 सालों से जानती हूं. जब भी हम पहले मिले, उन्होंने मेरे साथ हमेशा बहुत ही अच्छा व्यवहार किया।जब मैं बहुत मुश्किल में थी, तो वे मेरे घर आए और मेरे लिए आवाज उठाई। कोई भी हीरो मेरे घर कभी नहीं आया।यह उनका बहुत प्यारा व्यवहार था। अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'अभी हाल ही में हमने एक-दूसरे से बातचीत शुरू की है और हमें लगा कि यह किसी नतीजे पर पहुंच रहा है। आपसी सहमति से हम समझ गए कि हम शादी करना चाहते हैं। मैं बस यही चाहती हूं कि वह खुश रहें. मैं तुमसे प्यार करती हूं विशाल।' विशाल ने खुशी-खुशी अपनी शादी की खबर मीडिया को दी और कहा, 'मेरी शादी तय हो गई है। मेरी एक लड़की मिल गई है। धनशिका के पिता यहां हैं और उनके आशीर्वाद से, मैं उसे मिलवा रहा हूं। मैं बहुत खुश हूं, और मैं धनसिका से शादी करने जा रहा हूं।*

## 'वॉर 2' का टीजर रिलीज, ऋतिक-जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त एक्शन

**मुंबई।** फैंस का इंतजार खत्म हुआ। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया। टीजर में ऋतिक और जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त एक्शन देखने को मिला है। अब टीजर आते ही सोशल मीडिया पर वायरल है। फैंस टीजर में अपने-अपने पसंदीदा कलाकार को देखकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। 'वॉर 2' इसी साल 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित 'वॉर 2' यशराज फिल्म्स के



स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। इससे पहले 'वार' 2019 में रिलीज हुई थी, जिसमें ऋतिक के साथ टाइगर श्रॉफ नजर आए थे। जूनियर एनटीआर के फैंस जहां वॉर 2 को बॉलीवुड में डेब्यू के लिए उनकी परफेक्ट फिल्म बता रहे हैं। वहीं, ऋतिक फैंस उनकी झलक देखकर काफी उत्सुक हैं। वॉर 2 के टीजर को फैंस का मिला-जुला रिस्पॉन्स मिल रहा है। अधिकांश यूजर्स टीजर को मास एंटरटेनर और शानदार बता रहे हैं। कई फैंस इस फिल्म की शानदार ओपनिंग की बात कह रहे हैं। फैंस वॉर 2 के टीजर को बेस्ट बता रहे हैं।

### टीवी मसाला



## एक बार फिर दर्शकों को रोमांचित करने आ रहा 'शक्तिमान'

**नई दिल्ली।** लंबे समय से चर्चा है कि मुकेश खन्ना के टीवी सीरियल 'शक्तिमान' पर बॉलीवुड फिल्म बनेगी। हालांकि अभी इस फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। लेकिन, मुकेश खन्ना एक बार फिर 1990 की दहाई के सुपरहीरो 'शक्तिमान' के रूप में वापस आ रहे हैं। इस बार वह वीडियो फॉर्मेट में नहीं, बल्कि ऑडियो फॉर्मेट में आने वाले हैं। पॉकेट एफएम 'शक्तिमान' शो को एक नई मूल ऑडियो सीरीज के तहत दोबार पेश करने वाला है। इसमें मुकेश खन्ना एक बार फिर सुपरहीरो बन रहे हैं। इस बार वह आवाज के जरिए सुपरहीरो बनेंगे। पॉकेट एफएम ने इस ऑडियो सीरीज के बारे में इंस्टाग्राम पर जानकारी दी है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है 'जिस लीजेंड पर आप पहले विश्वास करते थे, वह पहले कभी न देखे गए अवतार में वापस आ रहा है। जल्द ही शक्तिमान ऑडियो सीरीज आ रही है, सिर्फ पॉकेट एफएम पर।' पाकेट एफएम ने इंस्टाग्राम पर जो पोस्ट शेयर की है उसमें एक वीडियो भी है। वीडियो में शक्तिमान के रूप में मुकेश खन्ना मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो पर लिखा है 'शक्तिमान ऑडियो सीरीज जल्द आ रही है। 20 सालों तक भारत ने अपने सुपरहीरो का इंतजार किया। 20 साल के अंधेरे के बाद वह फिर से जाग गया है। शक्तिमान ऑडियो सीरीज जल्द आ रही है।' आपको बता दें 'शक्तिमान' एक सुपरहीरो टेलीविजन सीरीज थी। यह सितंबर 1997 से मार्च 2005 तक डीडी नेशनल पर प्रसारित हुआ। यह सीरीज काफी मशहूर थी। इसे बच्चों ने खूब पसंद किया। इस शो के बाद 2011 में 'शक्तिमानः द एनिमेटेड सीरीज' और 2013 में एक टेलीविजन फिल्म, 'हमारा हीरो शक्तिमान' आई।

### अमिताभ की वजह से सुपरस्टार को चुकानी पड़ी थी कीमत

## संजीव कुमार ने की रिजेक्ट, विनोद खन्ना के हाथ लगी ब्लॉकबस्टर


*नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन- विनोद खन्ना की ब्लॉकबस्टर फिल्म, जो मशहूर पटकथा लेखक सलीम-जावेद की कलम से निकली थी, जो उस समय बॉलीवुड में हिट मशीन बन चुके थे। फिल्म में विनोद खन्ना ने इंस्पेक्टर विशाल का रोल निभाया था, लेकिन ये रोल पहले संजीव कुमार को ऑफर हुआ था। लेकिन, उन्होंने स्क्रिप्ट में 'कम स्क्रीन टाइमट की वजह से इसे रिजेक्ट कर दिया था।*

### शूटिंग के वक्त हुआ था बड़ा हादसा

साल 1978 की उस ब्लॉकबस्टर फिल्म का नाम है 'मुकद्दर का सिकंदर'। इस फिल्म ने रिलीज के समय तहलका मचा दिया था। फिल्म की टिकट तक मिलना मुश्किल हो गया था। लेकिन, इसकी शूटिंग के वक्त एक बड़ा हादसा हो गया था। इस फिल्म को भले ही दर्शक कभी नहीं भुला पाएंगे। लेकिन, मेकर्स भी इस फिल्म को कभी नहीं भुला पाएंगे। दरअसल, फिल्म की शूटिंग के वक्त बिग बी के हाथ से कुछ ऐसा हुआ कि बॉलीवुड के मोस्ट हैंडसम एक्टर की ठोड़ी पर छह टांके आए थे।

### विनोद खन्ना के चेहरे पर लगा ग्लास

बात साल 1978 में रिलीज हुई फिल्म 'मुकद्दर का सिकंदर' के उस सीन की है जिसमें अमिताभ बच्चन द्वारा फेंका गया कांच का गिलास विनोद खन्ना की ठोड़ी पर जा लगा, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई और छह टांके लगाने पड़े। दरअसल, मुकद्दर का सिकंदर' का एक इमोशनल सीन शूट करना था। अमिताभ बच्चन अपने किरदार में इस कदर डूब गए थे कि वह उन्होंने ग्लास इतनी तेज फेंका कि ये सीधा विनोद खन्ना के चेहरे पर जा लगा। सेट पर मौजूद सभी लोग तुरंत हरकत में आए और विनोद खन्ना को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां उनके छह टांके आए।




### गीत और डायलॉग किए गए थे पसंद

इस फिल्म की कहानी और गीत ही नहीं, इस फिल्म के डायलॉग भी काफी पसंद किए गए थे। जितनी शराब पी है, उसी में डूब मरो! विनोद खन्ना के इस डायलॉग पर सेट पर तालियां बजी थीं। यह सीन कई बार री-टेक हुआ, क्योंकि विनोद खन्ना बार-बार अपनी हंसी रोक नहीं पा रहे थे, जब अमिताभ बच्चन शराबी अदाओं में डगमगाते थे।

### जोहरा बाई के रोल में रेखा ने डाल दी थी जान

इस फिल्म में विनोद खन्ना ने विशाल आनंद की भूमिका निभाई थी। विनोद खन्ना ने इस फिल्म को तब हामी दी थी, जब अमिताभ बच्चन के बराबर फीस ऑफर हुई थी। फिल्म में रेखा का जोहरा बाई का रोल काफी छोटा था, लेकिन उन्होंने उसमें जान डाल दी, उनकी आंखों के इमोशन्स और 'सलाम-ए-इश्क' में उनकी . अदायगी ने दर्शकों को दीवाना बना दिया था। विनोद खन्ना और अमिताभ की इस फिल्म ने उस वक्त एक करोड़ के बजट में बनकर 2 करोड़ 69 लाख रुपए बिजने किया था।

## खबर संक्षेप



### इग्नू अध्ययन केंद्र में हुई इंडक्शन मीट

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि सत्र जनवरी 2025 में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय के सेमिनार हाल में ऑफलाइन माध्यम से इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया। मीट में क्षेत्रीय केंद्र करनाल से उपनिदेशक डॉ. अमित कुमार जैन ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर विद्यार्थियों को इग्नू के बारे में जानकारी प्रदान की। डॉ. मक्कड़ ने बताया कि इस इंडक्शन मीट में विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया, असाइनमेंटस व अन्य गतिविधियों संबंधी जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने सत्र जनवरी 2025 में दाखिला लिया है उन सभी विद्यार्थियों को इस इंडक्शन मीट में भविष्य में आने वाली समस्यओं के समाधान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई ताकि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

### शहर से मोटरसाइकिल व स्कूटी चोरी

हरिभूमि न्यूज. सिरसा। शहर में अलग-अलग स्थानों से चोर एक स्कूटी व मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में पहले मामले में राजेंद्र निवासी भारत नगर सिरसा ने बताया कि बीती 19 मई की दोपहर को वह मार्केट में सामान लेने के लिए गया था। दुकान के बाहर बाइक खड़ी कर वह दुकान में चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली। दूसरे मामले में अग्रसेन कॉलोनी निवासी गिरीश नागपाल ने बताया कि बीती 18 मई उसके पिता प्रेम प्रकाश स्कूटी लेकर सुरखाब पैलेस में किसी कार्यक्रम में आए थे। पार्टी खत्म होने के बाद जब उसके पिता बाहर आए तो स्कूटी गायब मिली।

### सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

# स्कीम वर्कर्स एवं मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर डीसी कार्यालय पर किया रोष प्रदर्शन

- कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने और जनविरोधी नीतियों को वापस लेने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर सीआईटीयू से सम्बंधित विभिन्न संगठनों द्वारा मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर डीसी कार्यालय पर रोष प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में आशा वर्कर, मिड डे मील वर्कर, ग्रामीण सफाई कर्मचारियों, भट्ठा मजदूरों सहित अनेक संगठनों के सदस्यों ने भाग लिया और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन की अध्यक्षता सीटू के जिला प्रधान जगीर सिंह ने की व संचालन सचिव ओमप्रकाश अनेजा ने किया। प्रदर्शन के दौरान अपनी मांगों का लेकर तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र भी सौंपा गया।प्रदर्शन के दौरान डीसी कार्यालय के बाहर इकट्ठा हुए इन संगठनों के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ओमप्रकाश अनेजा व जिला कैशियर बेगराज ने कहा कि सरकार परियोजना वर्करों एवं मजदूरों की मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। इससे प्रदेशभर में परियोजना वर्करों व मजदूरों में सरकार के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मांग पत्र में यूनियनों ने मांग की है कि मजदूर विरोधी लेबर कोड्स रद्द किया जाए। सभी परियोजना वर्करों एवं मजदूरों को न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये दिया जाए।



**फतेहाबाद।** डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपते सीटू नेता। फोटो : हरिभूमि

ठेका प्रथा निजीकरण बंद हो और सभी तरह के अस्थाई, कच्चे कर्मचारियों और स्कीम वर्कर्स को स्थाई किया जाए। निर्माण श्रमिकों सहित मजदूरों के लिए बने विभिन्न बोर्डों को मजबूत कर सभी सुविधाएं दी जाए। मनरेगा में 200 दिन काम मिले और 800 रुपये मजदूरी दी जाए। न्यूनतम पेंशन 10 हजार रुपये हो तथा सार्वजनिक क्षेत्र को मजबूत करते हुए स्थाई कर्मचारियों की भर्ती की जाए। पुरानी पेंशन स्कीम बहाल की जाए तथा नौकरी से निकाले गए सभी ठेका कर्मियों को वापस लिया जाए।

इसके अलावा उन्होंने असंगठित क्षेत्र के मजदूरों, ट्रांसपोर्ट क्षेत्र, वाहन चालकों, रेहड़ी पटरी मजदूरों के लिए सामाजिक सुरक्षा कानून बनाकर लागू करने और मजदूर, किसान एवं जनविरोधी नीतियों को तुरंत वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन को आशा वर्कर यूनियन की जिला प्रधान शीला शक्करपुर, मिड डे मील वर्कर्स यूनियन की प्रधान गगनदीप कौर, ग्रामीण सफाई कर्मचारी के जिला प्रधान सुनील कुमार, भ_ा मजदूर यूनियन के प्रधान मदन सिंह, बलबीर सिंह, हरपाल सिंह, सुमन धारनियां, सोनू धांगड़ आदि ने भी संबोधित किया।



**सिरसा।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए आशा वर्कर्स। फोटो : हरिभूमि

## आशा वर्कर्स को धमकी भरे पत्र भेजना निंदनीय : प्रधान दर्शना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

- सरकारी स्वास्थ्य के ढांचे को बर्बाद कर रही है

आशा वर्कर्स यूनियन की प्रधान दर्शना ने कहा कि हरियाणा सरकार कन्या भूरण हत्या को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग में काम करने वाली आशा वर्कर्स को धमकी भरे पत्र भेज रही है जो निंदनीय है। वे मंगलवार को आशा वर्कर्स के प्रदर्शन में बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि समाचार पत्रों में धमकी भरे बयान देकर सरकार अपनी नाकामी को छुपाना चाहती है। सरकार ऐसे बयान देकर और विभाग में काम करने वालों को धमका कर प्राइवेट अल्ट्रासाउंड केंद्रों को खुली छूट दे रही है और सरकारी स्वास्थ्य के ढांचे को बर्बाद कर रही है।

उन्होंने कहा कि अगर सरकार कन्या भ्रूण हत्या को रोकना चाहती है तो हरियाणा प्रदेश के अंदर तमाम अल्ट्रासाउंड केंद्रों को सरकारी स्वास्थ्य के ढांचे में शामिल करते हुए गर्भवती महिलाओं के जरूरत पडऩे पर फ्री अल्ट्रासाउंड करवाने की जिम्मेदारी उठाए। उन्होंने कहा कि आज तक सरकार ने गर्भवती महिलाओं के लिए जितनी योजनाओं की घोषणा की है वह केवल घोषणा है और कागजों तक ही सीमित है।

## अनुभवी स्वास्थ्य मित्र संगठन ने की हरियाणा हेल्थ केयर वर्कर बोर्ड के गठन की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

शहर के अग्रवाल भवन में अनुभवी स्वास्थ्य मित्र संगठन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा हेल्थ केयर वर्कर बोर्ड के पूर्व चेयरमैन व आरएमपी एवं अनुभवी चिकित्सक एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. ऋषिपाल सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में पंहुचने पर आरएमपी एसोसिएशन जिलाध्यक्ष अजायब सिंह फतेहपुरी ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यअथिति व अन्य सदस्यों ने भारत माता के चित्र समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



**टोहाना।** अनुभवी स्वास्थ्य मित्र संगठन के कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. सैनी।

कार्यक्रम के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए डॉ. ऋषिपाल सैनी ने प्रदेश सरकार से हरियाणा हेल्थ केयर वर्कर बोर्ड के पुनर्गठन की मांग की।

उन्होंने कहा कि आरएमपी चिकित्सक गांव स्तर तक लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहे है। कोरोना के समय में भी आरएमपी चिकित्सकों ने अपनी जान की परवाह किए लोगों को प्राथमिक चिकित्सका उपलब्ध कराई, लेकिन लंबे समय से आरएमपी चिकित्सक सरकार से उन्हें सूचीकृत करने की मांग करते आ रहे है, लेकिन उनकी इस लंबित मांग को पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि हरियाणा हेल्थ केयर वर्कर बोर्ड का पुनर्गठन कर आरएमपी चिकित्सकों को सूचिकृत किया जाए। इस अवसर पर काफी संख्या में संगठन के सदस्य मौजूद रहे।

## प्रशिक्षु पटवारियों का मानदेय देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

दी रेवन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन की बैठक आज जिला प्रधान सुरेश कुमार की अध्यक्षता में पटवार भवन फतेहाबाद में हुई। पिछले पांच महीनों से सरकार की ओर से प्रदेश भर में भर्ती किए गए नए पटवारियों को मानदेय देने का वायदा किया गया था लेकिन वो अभी तक पूरा नहीं किया गया है, जिस पर पटवरियों द्वारा रोष जताया गया।

बैठक में नवनियुक्त प्रशिक्षु पटवारियों सहित एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने मानदेय न मिलने पर रोष जताया। एसोसिएशन की ओर से आज जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपकर विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए दी रेवन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के जिला प्रधान सुरेश कुमार ने बताया कि पिछले पांच महिने से पूरे प्रदेश में भर्ती हुए पटवारी प्रशिक्षण ले रहे हैं। सरकार की ओर से वायदा किया गया था कि प्रशिक्षण के दौरान उन्हें मानदेय भी दिया जाएगा। जो अभी तक नहीं दिया गया है।

### दयानन्द स्कूल के खिलाड़ियों ने ट्रॉफी पर किया कब्जा

**बरवाला।** मॉडल टाउन स्थित दयानन्द पब्लिक स्कूल के प्रांगण में गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ियों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब नेशनल बैंक बरवाला के डिप्टी मैनेजर रविंद्र सिंह ने शिरकत की और अध्यक्षता स्कूल डायरेक्टर व प्राईवेट स्कूल संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यवान कुंडू ने की। स्कूल प्रबंधक संदीप भनवाला व कोच राकेश ने बताया कि जाट धर्मशाला भिवानी में आयोजित हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में दयानंद पब्लिक स्कूल बरवाला के खिलाड़ियों ने एक बार फिर से गोल्ड मेडल प्राप्त करके परचम लहराया। दयानंद पब्लिक स्कूल बरवाला के खिलाड़ी चिराग, योगेश, अमन , सुमित, अंकित, आयान, शुभम, वंश, प्रशान्त, नमन व स्नेह ने 11गोल्ड मैडल और सुमित , जतिन ने 2 सिल्वर मेडल तथा अंश ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर प्रथम स्थान की ट्रॉफी पर कब्जा किया।

## मोबाइल शॉप का ताला तोड़कर शरारती तत्वों ने लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिला के गांव भीमा में सोमवार देर रात्रि को मोबाइल शॉप का ताला तोड़ कर पेट्रोल डाल कर आग लगा दी। घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार गांव भीमा में जगतार सिंह मोबाइल शॉप चलाता है। रात्रि को अज्ञात लोग ताला तोड़ कर दुकान के बाहर व अंदर पेट्रोल छिडक़ कर आग लगा गए। पास ही घर के लोगों को जब आग की लपटे दिखाई दी तो उन्होंने शोर मचाया, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग गए। भागते समय उनकी चप्पलें और मोबाइल फोन वही रह गया। इस दौरान उन्होंने चोरी करने की बजाय दुकान पर आग लगाकर नुकसान पहुंचाया। गनीमत रही कि समय रहते पता चल गया जिससे बचाव हो गया। दुकान में मोबाइल फोन, अन्य सामान सहित पेट्रोल की केन भी पड़ी थी। घटना का पता चलने पर दुकानदार जगतार सिंह मौके पर पहुंचा और 112 नंबर पर सूचना दी।



**सिरसा।** दुकान के बाहर लगी आग।

सुबह जगतार सिंह द्वारा अज्ञात लोगों के खिलाफ इसकी शिकायत रोड़ी थाना में दी गई। मौके पर मिले मोबाइल फोन की जांच के बाद पता चलेगा कि किसने किस मकसद से इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस जांच में जुटी हुई है। पुलिस टीम आसपास गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है ताकि आरोपियों को गिरफ्तार किया जा सके।



**सिरसा।** लघु साहित्यकारों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### लघुकविता सम्मेलन में साहित्यकारों का सम्मान

**सिरसा।** हरियाणा प्रादेशिक हिंदी साहित्य सम्मेलन, सिरसा द्वारा संचालित हरियाणा प्रादेशिक लघुकविता मंच के तत्वावधान व डॉ. सुरेंद्र वर्मा की स्मृति में स्थानीय श्री युवक साहित्य सदन में अखिल भारतीय लघुकविता सम्मेलन-2025 का आयोजन हुआ जिसमें कुरुक्षेत्र से डॉ. जयभगवान मुख्यातिथि शामिल हुए। कार्यक्रम में डॉ. सुरेंद्र वर्मा के सुपुत्रों विक्रमसिंह व गजेंद्र वर्मा ने डॉ. सुरेन्द्र वर्मा की हिंदी व पंजाबी रचनाओं को सस्वर प्रस्तुत किया। ऐलनाबाद से आए प्रवीण पारीक अंशु ने भी डॉ. सुरेंद्र वर्मा की गज़ल प्रस्तुत की। इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र वर्मा फाउंडेशन, जयपुर तथा वर्चुअल प्लेनेट प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई की तरफ से डॉ. ज्ञानप्रकाश पीयूष को डॉ. सुरेन्द्र वर्मा कला एवं साहित्य स्मृति सम्मान-2025 प्रदान किया गया। प्रज्ञा साहित्यिक मंच, रोहतक द्वारा चांद वर्मा व उनके सुपुत्रों गजेंद्र वर्मा व विक्रमसिंह को सम्मानित किया गया।

## 80 हजार के ठगी मामले में दो काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

- पैसों को लालच देकर संदिग्ध लिंक पर क्लिक करवाकर बैंक डिटेल ली

साइबर थाना की एक विशेष पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर स्पेस मनी लिंक भेज कर लुभाने ऑफर देकर करीब 80 हजार रुपए का चूना लगाने के मामले में दो साइबर अपराधियों को राजस्थान के जयपुर क्षेत्र से काबू किया है। साइबर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र ने बताया कि 26 नंबवर 2024 को खैरपुर निवासी रुपेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि बीते कुछ दिनों पहले उसके पास स्पेस मनी के नाम से एक अज्ञात लिंक आया जैसे ही उसने अज्ञात लिंक पर क्लिक किया तो उस पर कम समय में ज्यादा मुनाफा कमाने का लुभावना ऑफर आया हुआ था। उसने पैसे कमाने के लिए जैसे ही लिंक पर क्लिक किया तो उसमें मैंनडेटरी डिटेल्स को भरने के लिए कहा गया। लुभाने ऑफर के लालच में आकर संदिग्ध लिंक पर क्लिक कर अपनी बैंक संबंधी सभी प्रकार की डिटेल सांझा कर दी। जैसे ही बैंक डिटेल्स को सांझा किया उसके खाते से 80 रुपए कट गए। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत साइबर थाना सिरसा में साइबर फ्रॉड का केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान साइबर थाना की एक विशेष पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए घटना में संलिप्त दो आरोपियों को राजस्थान के जयपुर क्षेत्र से काबू कर लिया है। आरोपियों की पहचान सुरेश बुंकर पुत्र सुरज बुंकर व विरेंद्र सिंह पुत्र मोहबत सिंह निवासी हरमेड़ा जयपुर राजस्थान के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर अदालत के आदेश पर सुरेश बुंकर को जेल भेजा गया जबकि आरोपी विरेंद्र सिंह पुत्र मोहबत सिंह निवासी हरमेड़ा जयपुर राजस्थान को एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल कर आरोपी से गहनता से पूछताछ की गई।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल स्थगित, गेट मीटिंग कर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन यूनियन के कर्मचारियों ने मंगलवार को गेट मीटिंग कर रोष का इजहार किया। प्रधान मीत चंद ने कहा कि देश की केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, सरकारी कर्मचारी परिसंघों व राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर चार लेबर कोड्स रद्द करने, आठवें वेतन आयोग का गठन करने, राज्य का अलग वेतन आयोग बनाने, सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, निजीकरण बंद करने, सांप्रदायिकता पर रोक लगाने तथा बेरोजगारी व मंहगाई कम करने आदि मांगों को लेकर देश के मजदूर व कर्मचारियों ने 20 मई 2025 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया था परन्तु देश के मौजूदा हालात को देखते हुए केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, सरकारी कर्मचारी परिसंघों व राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ ने 20 मई को होने वाली राष्ट्रीय हड़ताल को स्थगित कर दिया है। इसी कड़ी में मंगलवार को हरियाणा प्रदेश में अन्य कर्मचारी संगठनों के साथ सर्व कर्मचारी संघ ने गेट मीटिंग कर रोष का इजहार किया। मुख्य सलाहकार सुरजीत सिंह बेदी ने कहा कि गर्मी के मौसम में लोड अधिक होने के कारण आए दिन ट्रांसफार्मर जलने से लेकर अनेक दिक्कतें आ रही हैं, लेकिन सामान ले जाने के लिए गाडिय़ां नहीं हैं, जिसके कारण कर्मचारियों को काफी समस्याओं से जूझना पड़ता है।

बेदी ने कहा कि सब स्टेशनों पर पीने के पानी के लिए वाटर कूलर की भी कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे गर्मी के मौसम में कर्मचारियों का बुरा हाल है। यही नहीं पावर हाउस में कुलिंग करने वाले ट्रांसफार्मर नहीं है, जिसके कारण ट्रांसफार्मर अधिक लोड के कारण आगजनी की घटनाएं हो रही हैं। बेदी ने कहा कि कार्यालयों में पुराना अलग-अलग टूटा-फुटा फर्नीचर पड़ा है। कर्मचारी 8 से 10 घंटे बैठकर काम करते हैं, ऐसे में उनके लिए बैठना भी आसान नहीं है।



**सिरसा।** बिजली कर्मियों ने गेट मीटिंग कर रोष व्यक्त करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## भट्टू जलघर में पूर्व विधायक ने किया दो ट्यूबवेलों का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

भट्टू मंडी में फतेहाबाद रोड बने जलघर में भट्टू मंडी वासियों के सहयोग से लगवाए गए दो ट्यूब्वैल का पूर्व विधायक दुड़ाराम ने उद्घाटन किया। इन दो ट्यूबवेल के निर्माण पर लगभग तीन लाख रुपये की लागत आई है, जिसकी राशि क्षेत्र वासियों द्वारा आपसी सहयोग से एकत्रित की गई है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक दुड़ाराम ने नागरिकों को पानी के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए इसके सदुपयोग और संरक्षण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है और इस अमूल्य संसाधन को व्यर्थ बहाने की बजाय, हमें इसकी हर बूंद का सोच-समझकर उपयोग करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह पानी के उपयोग में संयम बरते। इस मौके पर ब्लॉक समिति के वाइस चेयरमैन बंसी लाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष जसवंत माचरा, भाजपा युवा अध्यक्ष राकेश भांभू, ब्रह्मानंद गोयल, पूर्व सरपंच रमेश बेनीवाल, मोहन लाल, पाला राम, एसडीओ सतपाल सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** भट्टू जलघर में ट्यूब्वैल का उद्घाटन करते पूर्व विधायक दुड़ाराम।

**निरीक्षण** बच्चों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था बिजली-पंखे की स्थिति की जानकारी ली

# एसडीएम ने राजकीय स्कूल भारूखेड़ा का औचक निरीक्षण कर जानी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

एसडीएम अर्पित संगल ने मंगलवार को राजकीय मिडिल स्कूल भारूखेड़ा का औचक निरीक्षण किया और स्कूल में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल स्टाफ का हाजिरी रजिस्टर चेक किया। इसके अलावा उन्होंने स्टाफ सदस्यों से स्कूल में दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। एसडीएम अर्पित संगल ने गर्मी के मौसम को देखते हुए विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था और बिजली-पंखे आदि की स्थिति की भी जानकारी ली। साथ ही शौचालय की स्थिति, कक्षाओं की साफ-सफाई तथा विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। एसडीएम ने स्कूल में स्वच्छता बनाए रखने और छात्रों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए स्कूल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



**सिरसा।** स्कूल का निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ उनका स्वास्थ्य और स्वच्छ वातावरण भी अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी व स्कूल स्टाफ भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### टोहाना में चार युवक संदिग्ध हालत में काबू

**फतेहाबाद।** सीआईए स्टाफ टोहाना पुलिस ने मध्यरात्रि को गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से बाहर के चार संदिग्ध युवकों को काबू किया गया। काबू किए गए चारों युवको की पहचान अभिशव पुत्र मुकेश, राहूल उर्फ जिवा पुत्र रमेश, तुषार उर्फ जबडा पुत्र इन्द्रजीत व अनिल पुत्र जयदेव सभी निवासी रोहतक के रूप मे हुइ है। सभी चारों युवको को 23 घटें के लिए थाना शहर टोहाना मे डिटेन किया गया। सीआईए टोहाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि 19 व 20 मई की मध्यरात्रि को गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से बाहर के चार संदिग्ध युवकों को काबू किया।

### अरूट महाराज की जयंती पर लगेगा रक्तदान कैंप

**रतिया।** श्री अरूट महाराज की जयंती मनाने को लेकर श्री अरोड़वंश महासभा की बैठक अध्यक्ष अशोक ग्रोवर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 30 मई को श्री अरुट महाराज जयंती के उपवलक्ष्य में फतेहाबाद रोड स्थित पंडित आत्माराम धर्मशाला में वार्षिक समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर विशाल रक्तदान कैंप भी लगाया जाएगा। अशोक ग्रोवर ने बताया कि हर वर्ष श्री अरूट महाराज की जयंती श्री अरोड़वंश महासभा द्वारा धूमधाम से मनाई जाती है। इस बार के कार्यक्रम का प्रोजेक्ट चेयरमैन भीष्म भटेजा को बनाया गया।

### नाथूसरी चौपटा में ठंडे पानी की छबील लगाई

**चोपटा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) नाथूसरी चौपटा ने भीषण गर्मी को देखते हुए आज नाथूसरी चौपटा में राहगीरों और स्थानीय लोगों के लिए शीतल जल की छबील लगाई। संस्थान के छात्रों और कर्मचारियों ने मिलकर इस पहल का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य गर्मी के मौसम में लोगों को राहत पहुंचाना था। सुबह से ही आईटीआई के स्वयंसेवक सडक़ के किनारे शीतल जल और शरबत वितरित करते हुए देखे गए। इस दौरान लोगों ने बढ़-चढक़र इस सेवा का लाभ उठाया और संस्थान के इस प्रयास की सराहना की।

### विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर किया जागरूक

**सिरसा।** नागरिक अस्पताल सिरसा में विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर एएनएम ट्रेनिंग स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एमसीडी की टीम द्वारा कुल 170 नागरिकों की बीपी और शुगर की जांच की गई। कार्यक्रम में एएनएम ट्रेनिंग स्कूल की छात्राओं ने हिस्सा लेते हुए रक्तचाप विषय पर हाथों पर मेहंदी रचाई और उच्च रक्तचाप के प्रति जागरूक किया। सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र कुमार भादू के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में उप सिविल सर्जन डॉ. विपुल गुप्ता भी मौजूद रहे। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान डीपीसी डॉ. प्रियंका, किशोरावस्था काउंसलर कमल कक्कड़, स्टाफ नर्स गीता, कविता एवं बिंदर ने मरीजों को स्वस्थ जीवनशैली, खान-पान और नियमित स्वास्थ्य जांच का महत्व बताया। कमल कक्कड़ ने छात्राओं को आयरन के महत्व पर जानकारी दी।

### रतिया में लोगों ने सेना के योगदान को सराहा

# ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में निकाली तिरंगा सम्मान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



रतिया। तिरंगा यात्रा में भाग लेते कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को सलाम करते हुए तथा आम जन में देशभक्ति व राष्ट्रवाद की भावना को प्रबल करने के उद्देश्य से रतिया में मंगलवार को तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि स्वरुप निकाली गई, जिसमें सैकड़ो लोगों ने उत्साह पूर्वक व पूरे जोश से भाग लिया। यात्रा की अगुवाई भाजपा की पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, एससी आयोग के चेयरमैन रविन्द्र बलियाला व भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकित सिंगला ने की। यात्रा का शुभारंभ अग्रवाल धर्मशाला से हुआ। अग्रवाल धर्मशाला से यह यात्रा मेन बाजार होते हुए भगत सिंह चौक पहुंची। यहां शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल व भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने माल्यर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी । यात्रा के दौरान हिंदुस्तान जिंदाबाद, भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद और आतंकवाद मुर्दाबाद जैसे गगन भेदी नारों से वातावरण देशभक्ति से सरोबार हो गया। जगह-जगह पर पुष्प वर्षा और देशभक्ति की गीतों ने इस यात्रा को एक भावनात्मक और प्रेरणादाई रूप दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सेना कार्यवाही नहीं बल्कि उन बहन बेटियों को न्याय दिलाने का संकल्प है जिनका सम्मान आंतकियो ने छीना था। पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा राष्ट्र धर्म निभाने का प्रतीक है। ऑपरेशन सिंदूर ने न केवल भारत की सेना शक्ति का प्रदर्शन किया बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की दृढ़ इच्छा शक्ति और आत्म बल का भी परिचय दिया। इस अवसर पर बीजेपी के पूर्व जिला अध्यक्ष बलदेव ग्रोहा, संयोजक इन्द्र गावड़ी, संदीप तनेजा, लखविंदर सिंह, हवा सिंह, डॉ. सुमन बजाज, पूनम सिंगला, मंजू बाजीगर, सुखविंदर गोयल, विज्ञान सागर बाघला, बीबो इन्दौरा, सतपाल जिंदल, जैकी गर्ग, प्रवीण गर्ग, रिकी मोंगा, कपिल सिंगला, संजू जांगड़ा, विक्की ग्रोवर, विनोद जग्गा, जसवीर ठेकेदार, डॉ. सुनील इन्दौरा, नीटू गोयल के अलावा अन्य मौजूद रहे।

### जाखल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर में निकाली तिरंगा यात्रा

*पाकिस्तान में आतंकियों के खिलाफ भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर मंगलवार को जाखल में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष किरण शर्मा के नेतृत्व में शहर में तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं और लोगों ने बढ़चढक़र भाग लिया। तिरंगा यात्रा के लिए भाजपा कार्यकर्ता और शहर के लोग जाखल के ताऊ देवी लाल पार्क में एकत्रित हुए। जहां से उन्होंने तिरंगा यात्रा का शुभारंभ कर, पार्क से चलकर सुभाष चौक व उसके बाद अग्रेसन चौक में पहुंचे। तिरंगा यात्रा के माध्यम से ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेने वाले सैनिकों को सराहा।*

# महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नशे के खिलाफ जागरूकता सेमिनार आज झाड़ साहब गुरुद्वारे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। पत्रकारों से बातचीत करते बीजेपी नेता भवानी सिंह।

महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक व भाजपा नेता भवानी सिंह ने कहा कि नशे व सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ 21 मई बुधवार को रतिया रोड स्थित झाड़ साहब गुरूद्वारे में हजारों की संख्या में उपस्थित लोग एकजुट होकर एक ऐतिहासिक फैसला लेंगे कि वह न तो नशा करेंगे और नशा बेचने वालों को आमजन के सामने लाएंगे ताकि भावी पीढ़ी को बचाया जा सकें। मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए बीजेपी नेता ने कहा कि नशा नाश का दूसरा नाम है जिससे दिन प्रतिदिन युवा इससे ग्रस्त है और अपनी जान गवां रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को सद्मार्ग पर लाने व नशा तस्करों को खत्म करने के लिए बुधवार सुबह अखंड पाठ साहिब का भोग डाला जाएगा और उससे एकजुट होकर एक नई शुरुआत की जाएगी। उन्होने कहा कि महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा हर गांव में नशा विरोधी निगरानी टीमों का गठन किया जाएगा व नशे से ग्रस्त लोगों का फ्री इलाज करवाया जाएगा। भवानी सिंह ने कहा कि युवा देश का भविष्य है और इसे सही मार्ग पर लाना हमारा पहला लक्ष्य है। उन्होंने महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आमजन से अपील की कि नशे के खिलाफ इस मुहिम में शामिल हो।

### युवती को अश्लील मैसेज भेजने का आरोप

**फतेहाबाद।** बैंक में काम करने वाली एक युवती को अश्लील मैसेज भेजकर परेशान करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़ित युवती ने पुलिस को शिकायत देकर एक युवक पर आरोप लगाए जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव साधनवास निवासी एक युवती ने कहा है कि वह टोहाना के बैंक में काम करती है। कुछ दिन पहले उसने शिकायत दर्ज करवाई थी कि एक लडका उसे बहुत परेशान करता है। उसे मानसिक तौर पर तंग कर रहा है। युवक का नाम विकास नैन निवासी अमरगढ़ बताया गया था। इसके बाद पारिवारिक समझौते के चलते कुछ दिन बाद उसने रजामंदी के बाद अपनी शिकायत वापस ले ली थी। युवती ने आरोप लगाया कि इसके एक दिन बाद ही फिर से परेशान करने लगा।

# गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ जिला सिरसा ने उपायुक्त शांतनु शर्मा को एक मांत्र पत्र सौंप कर स्कूल समय में बदलाव की मांग की है। संघ के जिला प्रेस प्रवक्ता विनोद कासनियां ने बताया कि मई महीने में तापमान में अत्यधिक वृद्धि के कारण छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि सिरसा जिले में वर्तमान में तापमान सामान्य से कहीं अधिक है और अभी तक हरियाणा में ग्रीष्मावकाश शुरू होने में भी दस दिन शेष हैं। ऐसे में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है और लू लगने की संभावना भी बनी हुई है। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने आग्रह किया है कि विद्यालयों का समय इस प्रकार बदला जाए जिससे बच्चे सुबह के समय में ही विद्यालय जाकर जल्दी छुट्टी पाकर दोपहर की तेज गर्मी से बच सकें। वर्तमान में जब दोहरी पारी वाले विद्यालयों का समय 12:30 बजे के बाद शुरू होने का है, तब तापमान अपने उच्चतम स्तर पर होता है और बच्चों को धूप में घर से निकलना पड़ता है। इस अवसर पर जिला सचिव देवेंद्र कुमार, उपप्रधान सुनीता रानी, मिस मिक्की ,पुरूषोत्तम शास्त्री, जेपी नीमला व धर्मवीर रानियां सहित अध्यापक संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में नाम रोशन किया

# जूनियर चैम्पियनशिप में शहजाद सिंह ने पाया तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां



सिरसा। ताइक्वांडो में तीसरे स्थान पर रहे छात्र व उसके पिता को सम्मानित करते हुए प्रिंसिपल फुला सिंह।

दि माउंट स्कूल सुरतिया (सिरसा) के छात्र शहजाद सिंह भास्कर ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। दि माउंट स्कूल के प्रिंसीपल फुला सिंह ने खिलाड़ी व उसके माता-पिता को बधाई दी। प्रिंसिपल ने बताया कि ताइक्वांडो स्पोर्टस एसोसिएशन पजाव द्वारा तीसरी पंजांव स्टेट कैडेट और जूनियर चैंपियनशिप दिनांक 17 व 18 मई को लवली प्रोफैशनल यूनिवर्सिटी के प्रांगण में करवाई गई। जिसमें 18 जिलों के खिलाडिय़ों ने भाग लिया। इस चैंपियनशिप में दि माउंट स्कूल सुरतिया के विचार्थी शहजाद सिंह भास्कर पुत्र जसविन्द्र सिंह भास्कर निवासी कलालवाला ने 33 किलो भार वर्ग में हिस्सा लिया। जिसमें शहजाद सिंह ने बढय़िा खेल का प्रदर्शन करते हुये तीसरा स्थान हासिल किया। मंगलवार को स्कूल के प्रिंसीपल फुला सिंह ने खिलाडी शहजाद सिंह व उनके पिता जसविन्द्र सिंह भास्कर व स्कूल के डीपीई हरप्रीत सिंह ब्लेक बेल्ट को इस जीत के लिए बधाई देते हुए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर स्कूल डायरैक्टर गुरबेअन्त सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### आरोपी की पहचान बंसी के रूप में हुई

# फतेहाबाद पुलिस ने एनडीपीएस के कई मामलों में वांछित नशा सप्लायर को किया गिरफ्तार

## पुलिस ने ड्रग तस्कर को पांच दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में पकड़ा गया नशा सप्लायर।

### विभिन्न थानों में मामले दर्ज

*थाना शहर रतिया में 21 जून 2023 को व 15 दिसम्बर 2023 को, थाना सदर फतेहाबाद में 15 दिसम्बर 2023 व 14 मई 2025 को तथा राजस्थान के जोधपुर के थाना कुड़ी भगतासनी में 8 सितम्बर 2012 को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज है। इसके अलावा जोधपुर के कुड़ी भगतासनी में 6 जून 2016 को भादसं की धारा 323, 341, 354 व 34 तथा 15 सितम्बर 2018 को भादसं की धारा 384 व 420 के तहत भी मामले दर्ज है।*

जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के तहत थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के कई मामलों में वांछित नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान बंसी पुत्र भाकर सिंह निवासी आश्रम झाला मंडी, मीरा नगर, जोधपुर, राजस्थान के रूप में हुई है। थाना सदर पुलिस ने उसके खिलाफ 14 मई को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था।

थाना सदर प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि सीआईए फतेहाबाद की टीम एएसआई कुलदीप सिंह के नेतृत्व में अहरवां रोड, शेखुपुर सोत्र क्षेत्र में गश्त पर थी। गश्त के दौरान पुलिस ने एक आरोपी सुखा उर्फ काका पुत्र लाली निवासी शेखुपुर सोत्र को काबू किया था। पुलिस ने उसके कब्जे से 1 किलोग्राम अफीम बरामद की थी। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि उसे यह नशीला पदार्थ बंसी से लेकर आया था। इस पर जांच अधिकारी एएसआई अजीत सिंह ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए बंसी की गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी बंसी को न्यायालय में पेश कर 5 दिन का पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान उसका नेटवर्क खंगाला जाएगा।

### डीएवी पुलिस स्कूल के विद्यार्थियों ने किया सद्भावना अस्पताल की लैब का भ्रमण

**फतेहाबाद।** पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने आज हुडा सैक्टर स्थित सद्भावना अस्पताल का दौरा किया। इस भ्रमण के दौरान विद्यालय के 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों ने अस्पताल की लैब में जाकर वहां विभिन्न तरह की जानकारियां हासिल की। विद्यालय प्राचार्य अरूण शर्मा ने बताया कि इस दौरान विद्यार्थियों को लैब टैक्नीशियन द्वारा एक्सरे, एमआरआई, ब्लड सैम्पल की जांच सहित लैब में होने वाले अन्य टैस्टों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस भ्रमण को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह नजर आया और इसके माध्यम से छात्रों को कक्षा में पढ़ाए गए विषयों को वास्तविक दुनिया में देखने का मौका मिला। प्राचार्य ने कहा कि भ्रमण के दौरान छात्रों ने विभिन्न प्रकार के उपकरणों और तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की, जो उनके भविष्य के करियर के लिए उपयोगी होगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहासिक ज्ञान होना बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से विद्यालय द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के भ्रमण आयोजित किए जाते हैं ताकि विद्यार्थी फील्ड में जाकर जानकारियों को बेहतर तरीके से समझ सकें।



### युवक पर स्कूल से मोटर चोरी करने का आरोप

# दुर्गा महिला स्कूल में चोरी का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



टोहाना। पुलिस गिरफ्त में चोरीशुदा मोटर सहित पकड़ा गया युवक।

टोहाना पुलिस ने दुर्गा महिला स्कूल में चोरी करने के आरोपी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान सुनील उर्फ सोनू पुत्र सुरेश निवासी वार्ड नं. 20, हनुमान नगर, दमकौरा रोड, टोहाना के रूप में हुई है। आरोपी के पास से चोरीशुदा मोटर को बरामद कर लिया गया है। आरोपी को अदालत में पेश कर हिसार जेल भेजा गया है।

थाना शहर टोहाना प्रभारी इंस्पैक्टर प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 18 मई को आजाद नगर टोहाना निवासी धर्मपाल नैन की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह दुर्गा महिला सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, रतिया रोड, टोहाना में प्रिंसीपल है। स्कूल की चारदिवारी में मेन गेट के पास एक पानी की मोटर लगी हुई थी।

कई दिन से पानी की जरूरत न होने पर हमने पानी नहीं चलाया था। आज तब पानी के लिए मोटर के पस जाकर देखा तो मोटर नहीं मिली। इस पर उन्होंने वहां लगे सीसीटीवी कैमरे को चैक किया तो पाया कि एक युवक पानी की मोटर चोरी करके ले जा रहा है। इस पर प्रिंसीपल ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

इस मामले में टोहाना पुलिस ने केस दर्ज किया और जांच अधिकारी इंस्पैक्टर प्रहलाद सिंह ने आरोपी बारे अहम सुराग जुटाते हुए उसे गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। जल्द ही पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।



### क्रेसण्ट स्कूल के विद्यार्थियों ने किया मंदिर और गुरुद्वारे का शैक्षणिक भ्रमण

**फतेहाबाद।** क्रेसण्ट स्कूल की नर्सरी कक्षा के नन्हें मुन्नें बच्चों को एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत स्थानीय मंदिर एवं गुरुद्वारे का भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक स्थलों एवं विभिन्न धर्मों के प्रति सम्मान का भाव सिखाना था। छोटे-छोटे बच्चों ने बड़ी उत्सुकता एवं आनंद के साथ मंदिर व गुरुद्वारे का अवलोकन किया। बच्चों ने श्रद्धा एवं प्रेम से लंगर ग्रहण किया तथा गुरुद्वारे में वितरित स्वादिष्ट कड़ाह प्रसाद भी पाया, जिससे उनके मन में सेवा, समर्पण और एकता की भावना प्रबल हुई। शिक्षकों द्वारा उन्हें पूजा-पद्धतियों, भजन, अरदास तथा अनुशासन की जानकारी दी गई। बच्चों ने शांत वातावरण का अनुभव किया एवं उनके द्वारा पूछे गए अनेक सवालों को शिक्षकों ने सरल भाषा में समझाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के भ्रमण बच्चों में सांस्कृतिक चेतना एवं नैतिक मूल्यों के बीजारोपण में सहायक होते हैं।

### रतिया में रंजिश में दो पक्ष भिड़े, जमकर हुई हाथापाई, 2 महिलाओं सहित 4 लोग घायल

**रतिया।** शहर में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें दो महिलाएं सहित चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान लेने के बाद एक पक्ष के तिलक कुमार की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में रतिया के वार्ड नंबर-9 निवासी तिलक कुमार ने बताया कि उनकी शहर के ही मंगत के साथ पुरानी रंजिश है। 16 मई की रात को मंगत अपने ताऊ के बेटे लालचंद के घर प्रोग्राम में आया हुआ था। वहां पर शराब पीकर वापस घर जाने लगा तो उसके घर के आगे आकर गाली-गलौज करने लगा। उसको गाली देने से मना किया तो अभद्र व्यवहार करने लगा। शोर सुनकर उसकी मां मूर्ति देवी मौके पर आ गई। आरोप है कि मंगत ने उसकी मां के पेट पर लात मारी। जब उसने विरोध किया तो उसके साथ भी हाथापाई की गई। इतने में मंगत के चाचा का बेटा अशोक भी आ गया। वह भी कहने लगा कि तिलक की आज पिटाई करो। इसके बाद वह धमकी देकर मौके से चला गया।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

### साइबर ठगी का आरोपी गुरुग्राम से गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने गुरूग्राम से एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान बैचेन सिंह पुत्र डोमी नोनिया निवासी गोवर्धन जिला सहरसा, बिहार हाल आबाद सैक्टर 67, गुरूग्राम के रूप में हुई है। आरोपी पर नहरी विभाग में कार्यरत एक कर्मचारी से 60 हजार रुपये का फ्रॉड करने का आरोप है। साइबर थाना फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर सतीश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 12 मई को ढाणी डूल्ट, भूना निवासी कृष्ण कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह नहर विभाग में कौशल रोजगार योजना के तहत लगा हुआ है। कुछ दिन पहले उसके पास फोन आया और खुद को उसका जानकार बताया। फोन करने वाले ने कहा कि उसका रिश्तेदार टोहाना अस्पताल में दाखिल है। उसके इलाज के लिए उसे पैसे चाहिए।

**अभियान** | पुलिस ने पार्कों व शिक्षण संस्थानों का दौरा कर युवाओं को किया अलर्ट

# युवाओं को साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

### पपीहा पार्क में पुलिस टीम ने लोगों की आईडी जांची



- साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताए गए और ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, लिंक हैकिंग जैसे खतरों के बारे में किया जागरूक

जिला पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा और साइबर अपराध की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज फतेहाबाद के मॉडल टाऊन स्थित पपीहा पार्क, एमएम कॉलेज और रतिया के मदर इंडिया स्कूल में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इस कार्यक्रम की निगरानी पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने की। पपीहा पार्क में पुलिस टीम द्वारा उपस्थित नागरिकों की आईडी की जांच की गई और संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर सतर्क नजर रखी गई वहीं महिलाओं को आत्मरक्षा और सतर्क रहने की सलाह दी गई।

इसके अलावा साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताए गए और ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, लिंक हैकिंग जैसे खतरों पर प्रकाश डाला गया। महिलाओं और छात्राओं को ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया और बताया गया कि कैसे यात्रा से पहले ट्रिप की सूचना पुलिस को भेजकर सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। निरीक्षक मंजू ने बताया कि टीएमएस महिलाओं को आत्मविश्वास से यात्रा करने का जरिया देता है। हर महिला को इसे अपनाना चाहिए। इसके अलावा महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों 112 आपातकालीन सेवा, 1930 साइबर अपराध शिकायत हेल्पलाइन की भी जानकारी दी गई। फतेहाबाद पुलिस ने आमजन से अनुरोध किया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे उपायों को अपनाकर महिलाओं की सुरक्षा में भागीदार बनें।